राज्यपाल सचिवालय
राज भवन, जयपुर

राज्यपाल श्री मिश्र ने की सांभर साल्ट्स लिमिटेड के नवीन उत्पादों की लॉन्चिंग

सरकारी उद्यम प्रचार–प्रसार और विपणन की कारगर नीति बनाएं

– राज्यपाल

जयपुर, 20 जून। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने सरकारी क्षेत्र के उद्यमों का आह्वान किया है कि वे प्रतिस्पर्धा के लिए अपने गुणवत्तापूर्ण उत्पादों के प्रचार–प्रसार और विपणन की कारगर नीति बनाने पर फोकस करें। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि सांभर साल्ट्स लिमिटेड 20 हजार रोजगार उपलब्ध करने की योजना को व्यावहारिक धरातल पर लाकर क्षेत्र के आर्थिक विकास को गति प्रदान करेगी।

राज्यपाल श्री मिश्र रविवार को सांभर साल्ट्स लिमिटेड के नवीन उत्पादों की लॉन्चिंग के अवसर पर आयोजित समारोह में ऑनलाइन सम्बोधित कर रहे थे। राज्यपाल श्री मिश्र ने कार्यक्रम में सांभर साल्ट्स के नए विशिष्ट उत्पादों की शृंखला क्षार नमक, सांभर नमक, शाकम्भरी नमक, व्रताहार नमक, फिटबैलेन्स प्लस नमक और काला नमक को लॉन्च किया। उन्होंने सांभर में उत्पादित नमक के मानव स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद प्राकृतिक और औषधीय गुणों से जुड़े वैज्ञानिक तथ्यों का व्यापक प्रचार–प्रसार करने का सुझाव भी दिया ताकि राजस्थान की यह धरोहर देश–विदेश में अपनी विशिष्ट पहचान बना सके।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि भूमिगत जल से नमक निर्माण में राजस्थान पूरे देश में सर्वोच्च स्थान पर है। देश में कुल नमक का लगभग 12 प्रतिशत हिस्सा राजस्थान में सांभर झील, डीडवाना व पचपदरा झीलों में उत्पादित किया जाता है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सांभर साल्ट्स द्वारा उत्पादित नमक उत्पाद अपने उच्च पीएच तथा अन्य प्राकृतिक गुणों के कारण लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में स्वास्थ्यवर्धक सिद्ध होंगे।

केन्द्रीय भारी उद्योग एवं लोक उद्यम राज्यमंत्री श्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा कि सांभर में इन नए उत्पादों का उत्पादन होने से यहां रोजगार के पर्याप्त अवसर सृजित होंगे। उन्होंने सांभर क्षेत्र में सोलर पावर प्लान्ट लगाने के लम्बित प्रस्ताव पर राज्य सरकार से शीघ्र विचार करने का अनुरोध किया ताकि यहां विकास को गति मिल सके।

विधानसभा में सरकारी मुख्य सचेतक श्री महेश जोशी ने कहा कि पौराणिक और पर्यावरणीय महत्व के कारण सांभर की पूरे देश में पहचान है। उन्होंने सांभर के नमक को युगानुकूल आवश्यकता के अनुरूप देश–दुनिया में पुनः स्थापित करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की।

हिन्दुस्तान साल्ट्स लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक श्री कमलेश कुमार ने अपने स्वागत उद्बोधन में राज्यपाल श्री मिश्र द्वारा लॉन्च किए गए कम्पनी के नए उत्पादों के बारे में जानकारी दी।

प्रख्यात कवि पद्मश्री डॉ. सुनील जोगी ने अपने सम्बोधन में औषधीय गुणों से युक्त एवं स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण नमक के इन उत्पादों को उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराने की पहल की सराहना की।

कार्यक्रम में राज्यपाल श्री मिश्र ने उपस्थितजनों को संविधान की उद्देशिका और मूल कर्तव्यों का वाचन भी करवाया।

इस अवसर पर राज्यपाल के प्रमुख विशेषाधिकारी श्री गोविन्द राम जायसवाल सहित गणमान्यजन तथा कम्पनी के अधिकारीगण ऑनलाइन उपस्थित रहे।

....